**Need to construct a bridge over Sone River between Jharkhand and Bihar under Inter-State Connectivity Scheme.-laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :**पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है । उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी । विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है । यहाँ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते हैं । इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी । इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़ेंगी । गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा । साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे । सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाये ।